हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार, 10 अप्रैल 2026



तापमान
अधिकतम 34.0 डिग्री
न्यूनतम 21. 0 डिग्री

केवल भाव के भूखे हैं भगवान : पं. तिवारी
4



## खबर संक्षेप

### छत्तीसगढ़ शासकीय लघु वेतन कर्मचारी संघ प्रबंध समिति की बैठक 12 को

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ शासकीय लघु वेतन कर्मचारी संघ की प्रबंध समिति की बैठक रविवार 12 अप्रैल को नहरिया बाबा रोड तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ कार्यालय जांजगीर में होगी। इस दौरान प्रांत अध्यक्ष का निर्वाचन दोपहर 1 बजे होगा। बैठक में सचिव, जिला शाखा, तहसील शाखा एवं विकासखंड शाखा के पदाधिकारी एवं सदस्यों के साथ अनिवार्य रूप से उपस्थित होने अपील की गई है।

### हरी खाद के उपयोग से खेती में किसानों को मिलेगा लाभ

**जांजगीर-चांपा।** धान के खेतों में लगातार उर्वरकों के अधिक उपयोग से न केवल मिट्टी में लाभदायक सूक्ष्मजीवियों की गतिविधियों में कमी होती जा रही है, साथ ही साथ मिट्टी की संरचना भी खराब हो रही है। कृषि विभाग द्वारा किसानों को अपने खेतों में हरी खाद के रूप में सन, ढेचा लगाने की सलाह दी जा रही है। हरी खाद से 25-40 फीसदी पोषक तत्वों की पूर्ति होती है। इसके लिए 30-40 कि. ग्रा. एकड़ बीज की आवश्यकता होती है। धान की रोपाई के 45-50 दिन पूर्व बुवाई की जाती है तथा रोपाई के 5-7 दिन पूर्व मताई किया जाता है। खेत में हरी खाद लगाकर उन्हें निश्चित वानस्पतिक वृद्धि के बाद मिट्टी में मिला दिया जाए तो न सिर्फ मृदा जीवांश में वृद्धि होती है बल्कि वातावरण से नाइट्रोजन स्थिरीकरण तथा मिट्टी के निचले स्तर से फास्फोरस तथा पोटाश के अवशोषण द्वारा मृदा उर्वरता की वृद्धि में सहायक होती है। साथ ही कृषि विभाग द्वारा खरीफ फसल से पूर्व हरी खाद की मांग करने वाले किसानों हेतु बीज की व्यवस्था सुनिश्चित करने का प्रयास किया जा रहा है। उप संचालक कृषि राकेश शर्मा द्वारा हरी खाद उगाकर मिट्टी के स्वास्थ्य में सुधार लाने हेतु सलाह दी गई है।

### अज्ञात कारणों से युवती ने लगा ली फांसी, विवेचना में जुटी पुलिस

**जांजगीर-चांपा।** पामगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम धाराशिव निवासी एक युवती ने अज्ञात कारणों से अपने ही घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली, घटना बीती देर रात की बताई जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार सुबह जब मृतका के पिता सब्जी बेचने जाने के लिए उसे उठाने पहुंचे, तो दरवाजा अंदर से बंद मिला,काफी आवाज लगाने के बाद भी जब कोई जवाब नहीं मिला, तो पिता ने प्लास की मदद से दरवाजे के कब्जे को निकालकर अंदर प्रवेश किया, अंदर का दृश्य देखकर उनके होश उड़ गए, समलेश्वरी चुनरी के सहारे फांसी के फंदे पर लटकी हुई थी। यह देख परिवार में चीख-पुकार मच गई। तत्काल घटना की सूचना तुरंत पामगढ़ थाना पुलिस को दी गई,सूचना पर मौके पर पहुंचकर पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है, फिलहाल आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है और पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।

### कार्रवाई नहीं होने के चलते भू-माफियाओं के हौसले बुलंद

# शहर से लगे गांवों में हो रही अवैध प्लाटिंग पर नहीं लग पा रही लगाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा



कृषि भूमि पर की गई अवैध प्लाटिंग।

जिला मुख्यालय जांजगीर से लगे आसपास के गांव के जमीनों पर अवैध प्लाटिंग का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। जमीन की अवैध प्लाटिंग कर उसे छोटे-छोटे टुकड़ों में बेचने का काम धड़ल्ले से चल रहा है। खास बात यह है कि लंबे समय से इस पर किसी तरह की कोई कार्यवाही नहीं हो पाने के चलते भूमि माफियाओं के हौसले लगातार बुलंद होते जा रहे हैं।

गौरतलब है कि जांजगीर-चांपा जिले की पहचान प्रदेश के सर्वाधिक घनी आबादी वाले जिलों में की जाती है। ऐसे में यहां आकर लोग जमीन खरीद कर रहना चाहते हैं। जांजगीर शहर से लगे आसपास के गांव खोखरा, खोखसा, बनारी, कुलीपोटा, दर्राभाठा, मुनंद समेत आसपास गांव के खेती योग्य कृषि भूमि को कम दामों में खरीद कर उसे अवैध रूप से प्लाटिंग कर बेचने का काम भू माफिया कर रहे हैं। भूमि माफियाओं के द्वारा जमीन की खरीदी करने के दौरान इस बात की गारंटी दी जाती है कि इन जमीन पर खेती किसानी का काम करके फसल लगाया जाएगा लेकिन इस तरह की कोई गतिविधियां नजर नहीं आ रही है। कृषि भूमि को भू माफियाओं द्वारा छोटे-छोटे टुकड़ों में काटकर उसे प्लाटिंग के रूप में बेचने का काम किया जा रहा है। ग्रामीण सहित शहरी क्षेत्र के लोग अपने जरूरत के हिसाब से हर साल बड़े पैमाने पर जमीन की खरीदी करते हैं ताकि अपना खुद का मकान होने के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्र के लोग शहरों में आकर अपने बच्चों को पढ़ाई लिखाई की समुचित सुविधा दे सके। इसी का फायदा भू माफिया उठा रहे है। कई भू माफिया जिला मुख्यालय से लगे गांव की कृषि भूमि को किसानों से कम दाम पर खरीदने के बाद अवैध रूप से प्लाटिंग कर अधिक दाम में बेचने का काम लगातार कर रहे हैं। वहीं इस पर किसी तरह की कोई कार्यवाही नहीं हो पाने के चलते इन भूमि माफियाओं के हौसले भी लगातार बुलंद होते चले जा रहे है। जिला मुख्यालय जांजगीर से लगे ग्राम पंचायत की ज्यादातर जमीन खेती करने के योग्य है लेकिन इन जमीन का उपयोग अवैध रूप से प्लाटिंग के रूप में किया जा रहा है। लंबे समय से इस दिशा में कार्रवाई नहीं होने से भूमि माफियाओं का खेल जारी है।

#### पूर्व में हो चुकी है गिरफ्तारी

अवैध प्लाटिंग के मामले में कुछ साल पहले कार्रवाई हुई थी, लेकिन उसके बाद से किसी तरह की कार्रवाई नहीं हुई है। जिला मुख्यालय जांजगीर से लगे आसपास के गांव के कृषि योग्य भूमि की खरीदी करके उसका उपयोग अवैध रूप से प्लाटिंग के रूप में करने के मामले में पूर्व में सिटी कोतवाली जांजगीर में आरोपियों के खिलाफ गिरफ्तारी की कार्यवाही हो चुकी है । वहीं मामले में पूर्व में करीब दो दर्जन से अधिक लोगों को नोटिस भी दिया गया था। इसके बाद लंबे समय से अवैध प्लाटिंग को लेकर किसी तरह की कार्यवाही नहीं हो पाने के चलते ऐसे भूमि माफियाओं के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं।

#### की जाएगी कार्यवाही

कुछ जगहों की शिकायत मिली है, जिनकी सुनवाई भी चल रही है। अवैध प्लाटिंग के संबंध में शिकायत मिलने पर जांच कर कार्रवाई की जाती है। जल्द ही आगे भी कार्रवाई की जाएगी।

-सुब्रत प्रधान
एसडीएम, जांजगीर

# खाद्य विभाग में नौकरी लगाने के नाम पर ठगी, आरोपी गिरफ्तार

## किया था 15 लाख में सौदा, ले चुका था 7 लाख

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा



पुलिस के साथ गिरफ्तार आरोपी।

खाद्य विभाग में नौकरी लगवाने का झांसा देकर युवक से लाखों की ठगी कर ली गई। ठग ने 15 लाख में सौदा किया था और 7 लाख रुपए ले भी चुका था। बाकी की रकम ज्वाइनिंग लेटर मिलने के बाद देने की बात तय हुई थी। लंबा समय बीतने के बाद भी नौकरी नहीं मिलने पर युवक को ठगी का एहसा हुआ। मामले में पुलिस ने ठग को गिरफ्तार कर जेल दाखिल कर दिया है।

- पैसे देने के बाद नौकरी नहीं मिलने पर हुआ ठगी का एहसास

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार सक्ती जिले के ग्राम जर्वे निवासी भीम कुमार पटेल उम्र 32 वर्ष का संपर्क चांपा निवासी यशवंत सिंह से हुआ। भीम कुमार पटेल ने मंत्रालय रायपुर में ऊंचे स्तर के अधिकारियों से संपर्क होने का दावा करते हुए यशवंत को खाद्य विभाग रायपुर में नौकरी दिलाने का झांसा दिया। इस झांसे में गुरु नानक रेसीडेंसी चांपा निवासी यशवंत सिंह आ गया। भीम पटेल ने नौकरी लगवाने के एवज में कुल 15 लाख रूपये की मांग की। यशवंत ने 15 जुलाई 2024 को 7 लाख रूपये यूनियन बैंक शाखा चांपा से आरटीजीएस के माध्यम से भीम पटेल के बैंक खाते में ट्रांसफर किए। शेष 8 लाख रूपये नौकरी ज्वाइनिंग के बाद लेने की बात कही गई थी। तीन माह बीतने के बाद भी जब नौकरी नहीं लगी तो यशवंत ने भीम कुमार पटेल से संपर्क किया। भीम कुमार पटेल पहले तो टालमटोल करने लगा, लेकिन दबाव बनाने पर उसने 28 नवंबर 2025 को फोन पे के माध्यम से कछ रुपये वापस किए। इसके बाद शेष रकम लौटाने से इंकार कर दिया और यशवंत को धमकी देने लगा। ठगी का एहसास होने पर यशवंत सिंह ने मामले की रिपोर्ट चांपा थाना में दर्ज कराई। चांपा पुलिस ने धारा 318 (4) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की। मामले की गंभीरता को देखते हुए त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने आरोपी को भीम कुमार पटेल उम्र 32 वर्ष को ग्राम जर्वे थाना नगरदा से घेराबंदी कर गिरफ्तार किया। हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर आरोपी ने खाद्य निरीक्षक पद पर नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करना स्वीकार किया, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया।

# सुलौनी में रेत के अवैध भंडारण पर कार्रवाई



कार्रवाई करने पहुंचे अफसर।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सक्ती-मालखरौदा

रेत के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने प्रशासनिक अमले द्वारा लगातार जांच व कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में ग्राम सुलौनी में अवैध रूप से भंडारित 1 हजार ट्रिप रेत को जब्त करने की कार्रवाई की गई।

ज्ञात हो कि सक्ती जिले में अवैध खनिज गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए कलेक्टर अमृत विकास तोपनो के निर्देशन में लगातार सख्त कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में तहसील सक्ती के ग्राम सुलोनी में रेत के अवैध भंडारण पर बड़ी कार्यवाही की गई। राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर जांच के दौरान लगभग 1000 ट्रिप रेत का अवैध भंडारण पाया, जिसे नियमों के तहत जब्त कर लिया गया। साथ ही संबंधित लोगों के खिलाफ वैधानिक कार्यवाही की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इस कार्यवाही से अवैध रेत कारोबार से जुड़े लोगों में हड़कंप मच गया है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण पर लगातार निगरानी रखी जा रही है और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने अधिकारियों को नियमित निरीक्षण कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए है।

#### खास बात

- अफसरों की टीम ने दबिश देकर जब्त किया 1 हजार ट्रिप रेत

### कलेक्टर ने ओमप्रकाश को किया जिला बदर

**सक्ती।** जिले में शांति व्यवस्था बनाये रखने एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अमृत विकास तोपनो ने पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल कुमार ठाकुर जिला सक्ती के प्रतिवेदन, प्रस्तुत दस्तावेजों, अनावेदक के जवाब तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों के पत्रों के अवलोकन के बाद ओमप्रकाश बंजारे पिता विक्रम बंजारे निवासी सेन्दरी थाना जैजैपुर जिला सक्ती को जिला बदर किया है। प्रकरण में अनावेदक ओमप्रकाश बंजारे द्वारा यह स्वीकार किया गया कि उसके विरुद्ध विभिन्न न्यायालयों में प्रतिबंधात्मक प्रकरण लंबित हैं और वह अभी तक दोषमुक्त नहीं हुआ है। धरना-प्रदर्शनों में भाग लेने की बात भी स्वीकार की, लेकिन अपने पक्ष में किसी भी प्रकरण से संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए। प्रतिबंधात्मक कार्रवाइयों के बावजूद अनावेदक के आचरण में कोई सुधार नहीं आया है। जिला दण्डाधिकारी ने छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 3 एवं 5 के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए ओमप्रकाश बंजारे को एक वर्ष की अवधि के लिए जिला सक्ती सहित समीपवर्ती जिलों जांजगीर-चांपा, कोरबा, रायगढ़ और सारंगढ़-बिलाईगढ़ की सीमाओं से निष्कासित करने का आदेश जारी किया है। अनावेदक को 24 घंटे के भीतर इन जिलों की सीमाओं से बाहर चले जाने तथा 1 वर्ष की कालावधि तक प्रवेश नहीं करने के लिए आदेशित किया गया है।

## भरी गर्मी में निकाला हैण्डपंप का हैंडल...



**बम्हनीडीह।** नगर पंचायत बम्हनीडीह में सार्वजनिक हैण्डपंप का हैंडल निकाल दिया गया है। जिसके बाद वार्ड क्रमांक 5 व 6 में आम लोगों व राहगीरों को पेयजल की सुविधा नहीं मिल पा रही है। यहां हैण्डपंप में मोटरपंप भी लगाया गया है, जिसे समय समय पर ही लगाया जाता है। ऐसे में हैंडल निकलने से हैण्डपंप का उपयोग नहीं हो पा रहा है। हालांकि नगर पंचायत के अधिकारी करेंट आने को इसका कारण बता रहे है।

### सात लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** पुलिस द्वारा अवैध शराब बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में थाना बलौदा पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर कटरा निवासी आरोपी संतोष धनवार उम्र 45 साल के कब्जे से कच्ची महुआ शराब करीबन 7 लीटर कीमती 1400 रूपये बरामद कर आरोपी के विरुद्ध अपराध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट का घटित करना सबूत पाए जाने से विधिवत कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। उपरोक्त कार्यवाही में उपरोक्त कार्यवाही मे निरीक्षक मनोहर लाल सिन्हा सहेत्तर पाटले, आरक्षक रज्जू रात्रे, सुमीत श्रीवास, रोहित साहू संतोष रात्रे, महिला आरक्षक रूखमणी निर्मलकर योगदान रहा।

# नवीन जिला पंचायत भवन निर्माण कार्य शुरू, 9 माह में पूर्ण करने का लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सक्ती



निर्माणाधीन जिला पंचायत कार्यालय।

जिले में नवीन जिला पंचायत भवन सक्ती के निर्माण कार्य का शुभारंभ कर दिया गया है। लक्ष्य के अनुसार दिसंबर तक भवन निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा।

प्राप्त जानकारी अनुसार भवन के नींव खुदाई का कार्य पूर्ण हो चुका है तथा बेस निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सक्ती वासु जैन ने निर्माण कार्य को उच्च गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए हैं। इस परियोजना के क्रियान्वयन की जिम्मेदारी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग को सौंपी गई है। निर्माण कार्य को निर्धारित समय-सीमा में पूरा करने के लिए ठेकेदार श्री बालाजी होम्स को 9 माह का समय दिया गया है। लक्ष्य के अनुसार दिसंबर तक भवन निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। इसके बाद जिला पंचायत का अपना सुविधायुक्त खुद का कार्यालय होगा।

### मंदिर रोड में बेरिकेडिंग कर चारपहिया वाहनों की एंट्री रोकने की उठी मांग

# टेंपल सिटी में यातायात व्यवस्था बदहाल, संकरी सड़कों में चारपहिया वाहनों से लग रहा जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवरीनारायण



संकरी गली से गुजरता चारपहिया वाहन।

शिवरीनारायण में इन दिनों यातायात व्यवस्था पूरी तरह से बदहाल होती जा रही है। नगर के छोटे और संकरे मार्गों में चारपहिया वाहनों की आवाजाही के कारण आए दिन जाम जैसे हालात बन रहे हैं, जिससे श्रद्धालुओं और स्थानीय नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विशेषकर मंदिर रोड में स्थिति ज्यादा गंभीर रहती है।

गौरतलब है कि दूर-दराज से दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालु पार्किंग व्यवस्था दूर होने के कारण अपने चारपहिया वाहन संकरी सड़कों में ही ले आते हैं, जिससे मार्ग अवरुद्ध हो जाता है और लोगों को निकलने में काफी दिक्कत होती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि मंदिर रोड जैसे संकरे मार्गों में बेरिकेडिंग कर चारपहिया वाहनों की एंट्री पर रोक लगाई जानी चाहिए, ताकि यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित हो सके। करीब 7 वर्ष पूर्व शिवरीनारायण में यातायात पुलिस व्यवस्था की शुरुआत की गई थी और इसका विधिवत उद्घाटन भी हुआ था, लेकिन करीब एक वर्ष के भीतर ही इस व्यवस्था को बंद करना पड़ा। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि उस समय यातायात व्यवस्था सुधारने के बजाय अवैध वसूली की शिकायतें सामने आने लगी थीं, जिससे आम लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। लोगों की नाराजगी और विरोध के बाद अंततः यातायात पुलिस व्यवस्था को हटा दिया गया। नगरवासियों का कहना है कि शिवरीनारायण जैसे धार्मिक और पर्यटन स्थल में व्यवस्थित यातायात प्रबंधन अत्यंत आवश्यक है। संकरी सड़कों में चारपहिया वाहनों की आवाजाही नियंत्रित कर उचित पार्किंग और प्रभावी यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने की जरुरत महसूस की जा रही है ताकि श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों को राहत मिल सके।

WE ARE HIRING
Job Opening
CIRCULATION ASSISTANT MANAGER
Position : Circulation Assistant Manager - 2 Post
Location : Raipur City
We are looking for a dynamic, Target Oriented and motivated Circulation Assistant to Join our team.
Qualifications :
- MBA (Marketing) from a recognized institution
- 3-5 Years of relevant experience in circulation Department
- Age 25 to 30 Years
Responsibilities :
- Manage circulation and distribution of publications
- Handle customer queries
- Maintain accurate circulation records
How to Apply
Interested candidates may send their resume to Email : inhnewshr@gmail.com
Last Date to Apply : 10 April 2026
हरिभूमि inh Opp. Pujari Park, Dhamtari Road, Tikrapara, Raipur

## खबर संक्षेप

### टीबी उन्मूलन हेतु जिले में चलेगा विशेष अभियान

**कोरबा।** कलेक्टर कुणाल दुदावत ने समय-सीमा की बैठक लेते हुए विभागीय कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले में आयोजित राजस्व पखवाड़ा में आम नागरिकों की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने, राजस्व संबंधी आवेदनों को ग्रहण करने तथा प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने तहसीलवार प्राप्त आवेदनों की समीक्षा करते हुए सीमांकन, नामांतरण, बंटवारा सहित अन्य राजस्व प्रकरणों का प्रभावी निपटारा करने के निर्देश दिए।

### बालको ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की कार्यकारिणी गठित

**कोरबा।** दर्री जमनीपाली ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के बाद बालको कांग्रेस अध्यक्ष ए डी जोशी ने बालको ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की नई



कार्यकारिणी घोषित किया है। जिला अध्यक्ष मुकेश राठौर, पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल एवं सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरण दास महंत से मार्गदर्शन प्राप्त कर, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैंदु से अनुमोदन कराने के बाद, बालको ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की नई कार्यकारिणी की घोषणा कर नए एवं सक्रिय कार्यकर्ताओं को मौका दिया है। कार्यकारिणी में विजय जायसवाल को कोषाध्यक्ष बनाया गया है, वहीं उपाध्यक्ष पद पर आर के नामदेव, जगन्नाथ थवाईत, रेशम दास मानिकपुरी, चंद्रमणी यादव, पूर्व पार्षद गंगाराम भाराद्वाज एवं श्रीकांत मांझी को शामिल किया गया है। महामंत्री के पद पर राजीव शर्मा, मनोज अनंत, मुख्तार अली, मिथलेश चंद्रा, सायदा खान, नितिन चंदेल, प्रमोद डिगस्कर एवं रूपम नामदेव को जिम्मेदारी सौंपी गई है। सचिव पद पर मोहित दास महंत, क्रांति बरेठ, शशि पटेल, अनिल सिंह, दाताराम आदित्य, कल्लु मोहब्बत, रोहित नामदेव, परितोष सिंह, धनेश्वरी चौहान एवं सुभदा गौंड को स्थान दिया गया है।

### मोटरसाइकिल चोरी के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कोरबा।** मोटर साइकिल चोरी के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है जहां उसके कब्जे से पुलिस ने एक्टिवा वाहन को बरामद किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर उसे न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया है। बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रिस्दा भदरापारा निवासी हीरा दास महंत उम्र 32 वर्ष पिता स्व. कुंवार दास महंत ने थाना में रिपोर्ट दर्ज करायी कि 6 अप्रैल की रात्रि लगभग 9:30 बजे लाटाघाट देशी शराब भट्टी के पास अपनी एक्टिवा वाहन क्रमांक सीजी 12 बीएच 4315 खड़ी कर शराब लेने गया था।

# सब स्टेशन कर्मियों ने रैली निकालकर किया विरोध प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के सब स्टेशन में काम करने वाले लगभग ढाई सौ से अधिक ठेका श्रमिक अपने पुराने पीएफ की मांग को लेकर पिछले कई दिनों से हड़ताल पर हैं। बुधवार को हड़ताली सब स्टेशन के कर्मियों ने रैली निकालकर विरोध प्रदर्शन किया और कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा है।

अलग खबर

उल्लेखनीय है कि जिले के लगभग 55 से अधिक सब स्टेशन में काम करने वाले ढाई सौ से अधिक ठेका श्रमिक पिछले 1 अप्रैल से अपने पुराने पीएफ की मांग को लेकर बुधवार को ठेका श्रमिकों ने रैली निकालकर विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने अपने ज्ञापन में उल्लेख किया है कि विद्युत विभाग के अंतर्गत ठेका सब स्टेशन ऑपरेटर को विद्युत विभाग द्वारा 2024 में जेबीएस इंटरप्राइजेज मुंबई कंपनी ठेकेदार को ब्लैक लिस्ट करते हुए समस्त कर्मचारियों को उस समय विद्युत विभाग द्वारा 11 माह का वेतन से इपीएफ राशि काटकर जिले के समस्त कर्मचारियों को वेतन भुगतान किया गया था, किंतु आज 2 वर्ष बीत जाने के बाद भी किसी भी कर्मचारी के ईपीएफ खाते में कटौती की गई राशि विद्युत विभाग द्वारा जमा नहीं की गई। उक्त राशि जमा करने हेतु विभाग को कई बार पत्राचार किया जा चुका है किंतु विभाग द्वारा उक्त राशि जमा करने हेतु कोई रुचि नहीं दिखाई जा रही है, जिससे सभी ठेका श्रमिकों में आक्रोश व्याप्त है और अपनी जायज मांग ईपीएफ राशि जमा कराने के लिए जिले के समस्त 33/11 केवी सब स्टेशन ऑपरेटर घंटाघर से कलेक्ट्रेट कार्यालय तक रैली निकालकर कलेक्टर के नाम से ज्ञापन सौंपा गया। रैली के दौरान संघ के जिला अध्यक्ष ललित किशोर बरेठ, जिला उपाध्यक्ष मनहर लाल तिवारी, संयुक्त महामंत्री दर्शन कुमार रजक, अमरजीत राठौर, गंगाराम, संतोष यादव, विकास शुक्ला, दिनेश पटेल, सत्या साहू, सोनू साहू, पिंटू, आशीष राठौर सहित अन्य ठेका श्रमिक बड़ी संख्या में शामिल थे।

#### ढाई सौ से अधिक ठेका श्रमिक हैं हड़ताल में

**खास बातें**

- मेंटनेंस का कामकाज बुरी तरह हो रहा प्रभावित।
- अपनी मांगों को लेकर अड़े हैं ठेका श्रमिक



### समान काम समान वेतन, लंबित एरियर भुगतान सहित अन्य मांगों को लेकर खोला मोर्चा

# एनटीपीसी में मजदूरों ने किया धरना प्रदर्शन, गेट बंद कर किया चक्काजाम



धरना प्रदर्शन कर चक्काजाम करते मजदूर।

**प्लांट के गेट पर चक्काजाम**

सुबह से ही बड़ी संख्या में ठेका कर्मचारी इस आंदोलन में शामिल हो गए एनटीपीसी के गेट नंबर 2 को बंद कर ठेका श्रमिकों ने धरना प्रदर्शन शुरु कर दिया गया। जिससे प्लांट के अंदर का हिस्सा प्रभावित हुआ। इस मामले में एनटीपीसी, एनटीपीसी प्रबंधन या संबंधित कंपनी की ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। आशंका जताई जा रही है कि जब तक केंद्र सरकार वेतनमान लागू करने और कार्य सीमा तय करने का निर्णय नहीं लेती, तब तक उनका आंदोलन समाप्त नहीं होगा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एनटीपीसी कोरबा संयंत्र में उस समय हड़कंप मच गया, जब हजारों की संख्या में ठेका मजदूर लामबंद होकर सड़कों पर उतर आए। अपनी मांगों को लेकर लंबे समय से संघर्ष कर रहे मजदूरों के सब्र का बांध बुधवार को फूट पड़ा। प्रदर्शनकारियों ने संयंत्र के गेट नंबर-2 पर ताला जड़ते हुए काम काज ठप कर दिया, जिससे प्रबंधन में अफरा-तफरी का माहौल निर्मित हो गया।

बुधवार सुबह से ही ठेका मजदूर संगठित होकर एनटीपीसी के मुख्य प्रवेश द्वार पर जुटने लगे थे। देखते ही देखते मजदूरों की संख्या हजारों में पहुंच गई। मजदूरों ने गेट के सामने बैठकर नारेबाजी शुरू कर दी, जिससे भारी वाहनों और शिफ्ट में जाने वाले कर्मचारियों की आवाजाही पूरी तरह रुक गई। स्थिति चक्काजाम जैसी हो गई और संयंत्र के भीतर व बाहर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। मजदूरों ने एनटीपीसी प्रबंधन और ठेकेदारों पर आरोप लगाया है कि उनके द्वारा लगातार मजदूरों की जायज मांगों की अनदेखी की जा रही है। मजदूरों की मांगों में प्रमुख रुप से समान कार्य के लिए समान वेतन और लंबित एरियर का भुगतान, संयंत्र के भीतर काम करने वाले मजदूरों के लिए पुख्ता सुरक्षा उपकरण और बीमा की सुविधा, भर्ती प्रक्रिया में स्थानीय प्रभावितों और अनुभवी ठेका श्रमिकों को प्राथमिकता, ठेका मजदूरों और उनके परिवार के लिए बेहतर चिकित्सा सुविधाओं की मांग शामिल है।

मजदूरों की इस अप्रत्याशित एकजुटता ने एनटीपीसी प्रबंधन की नींद उड़ा दी है। काम बंद होने से बिजली उत्पादन प्रक्रिया पर असर पड़ने की आशंका जताई जा रही है। मौके पर तनाव को देखते हुए भारी पुलिस बल और सीआईएसएफ की टीम तैनात की गई है। प्रबंधन के अधिकारी मजदूरों को समझाने और बातचीत की मेज पर लाने की कोशिश कर रहे हैं लेकिन मजदूर लिखित आश्वासन की मांग पर अड़े हुए हैं। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे श्रमिक नेताओं का कहना है कि वे कई बार ज्ञापन सौंप चुके हैं लेकिन प्रबंधन केवल आश्वासन का झुनझुना थमाता रहा है। उन्होंने चेतावनी दी है कि जब तक उनकी मांगों पर ठोस निर्णय नहीं लिया जाता, तब तक गेट से ताला नहीं खुलेगा और आंदोलन और उग्र होगा।

# एसईसीएल गेवरा जीएम कार्यालय का भूविस्थापितों ने किया घेराव



प्रदर्शन करते भूविस्थापित।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल गेवरा खदान में कार्यरत ठेका मजदूरों को पेमेंट स्लीप और एचपीसी दर पर भुगतान नहीं मिलने से अक्रोशित ठेका मजदूरों ने किसान सभा के नेतृत्व में एसईसीएल गेवरा महाप्रबंधक कार्यालय का घेराव कर दिया। घेराव को देखते हुए बड़ी संख्या में सीआईएसएफ और पुलिस बल की तैनाती की गई थी। चार घंटे घेराव के बाद ठेका कंपनी और एसईसीएल प्रबंधन ने ठेका मजदूरों को मिलने वाले अधिकारों को देने का लिखित आश्वासन दिया, जिसके बाद धरना प्रदर्शन समाप्त किया गया।

**खास बात**

- पेमेंट स्लीप व एचपीसी दर पर भुगतान को लेकर ठेका श्रमिकों ने खोला मोर्चा, प्रबंधन ने दिया लिखित आश्वासन

छत्तीसगढ़ किसान सभा के नेता प्रशांत झा और दीपक साहू ने बताया कि कोयला खदानों में ठेका मजदूरों को कम मजदूरी देकर उनका शोषण किया जा रहा है। इसे छुपाने के लिए उन्हें पेमेंट स्लीप नहीं दिया जाता। इससे मजदूर अपनी सही मजदूरी और कितने दिनों का वेतन दिया जा रहा है। मजदूरों ने कोयला प्रबंधन से कई बार इसकी शिकायत की, जिस पर अब तक प्रबंधन ने संज्ञान नहीं लिया है। प्रबंधन के रवैए से आक्रोशित सैकड़ों ठेका मजदूरों ने किसान सभा के नेतृत में गेवरा महाप्रबंधक कार्यालय का घेराव किया, जिसके बाद ठेका कंपनी और एसईसीएल प्रबंधन को मजदूरों को लिखित आश्वासन देने के लिए बाध्य होना पड़ा है। किसान सभा नेताओं ने चेतावनी दी है कि यदि इसके बाद भी गड़बड़ियां जारी रहती है और अगर मजदूरों को उनके अधिकार से वंचित किया जाता है तो आगे और उग्र आंदोलन किया जाएगा। ठेका मजदूर राकेश राजपूत और राम प्रताप ने कहा है कि ठेका मजदूरों को पहचान पत्र, पेमेंट स्लीप, समय पर भुगतान और सामाजिक सुरक्षा प्रदान करना प्रबंधन का कार्य है, उसे पूरा नहीं किया जाएगा तो आगे खदान बंद आंदोलन भी किया जाएगा। प्रदर्शन में प्रमुख रूप से रमेश दास, सोनू, दामोदर, राकेश राजपूत, राजकुमार पटवा, अनिल कुमार, राकेश महंत, शिव चौहान, मुकेश दास, भीमदास, सखन लाल अगहरिया समेत बड़ी संख्या में ठेका मजदूर उपस्थित थे।

# केदार को एचएमएस में मिला अहम जिम्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोयला मजदूर सभा (एचएमएस) को सुदृढ़ व प्रभावी बनाने एसईसीएल के विभिन्न क्षेत्रों में प्रभारी नियुक्त किए गए हैं। जिले की एसईसीएल क्षेत्रों में संगठन को और प्रभावी बनाने श्रमिक नेता केदारनाथ अग्रवाल को अहम जिम्मा सौंपा गया है। एचएमएस महामंत्री नाथूलाल पांडेय ने पदाधिकारियों को प्रभारी नियुक्त किया है। केदारनाथ अग्रवाल को गेवरा, दीपका, कुसमुंडा, कोरबा, सीईडब्ल्यूएस गेवरा व सीडब्ल्यूएस कोरबा के प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई है।

**खास बातें**

- गेवरा, दीपका, कुसमुंडा व कोरबा का दिया गया प्रभार
- संगठन को सुदृढ़ व प्रभावी बनाने दी गई जिम्मेदारी

केदारनाथ अग्रवाल संगठन को मजबूत करने, श्रमिकों के हितों की रक्षा तथा कोयला मजदूर सभा की गतिविधियों को प्रभावी ढंग से संचालित करने में प्रत्येक क्षेत्रीय समितियों और शाखा समितियों को मार्गदर्शन व सहयोग प्रदान करेंगे। क्षेत्रीय यूनिट स्तर पर बैठक करने और उसका संचालन करने में अधिकृत होंगे। यदि संगठन हित में कोई सुझाव है तो तथ्यों सहित केन्द्रीय मुख्यालय को सूचित करेंगे।



केदारनाथ।

महामंत्री श्री पांडेय ने क्षेत्रीय व इकाई समितियों से अपेक्षा की है कि वे आवश्यक रूप से प्रभारी के साथ समन्वय स्थापित करें। साथ ही बैठकों में उनकी उपस्थिति सुनिश्चित करें, ताकि संगठन को अधिक सुदृढ़ व सक्रिय बनाने में प्रभावी सहयोग मिल सके। श्री अग्रवाल की नियुक्ति से श्रमिकों व समर्थकों में हर्ष व्याप्त है। श्री अग्रवाल के अलावा तीन अन्य प्रभारी भी नियुक्त किए गए हैं, जिनमें योगेन्द्र मिश्रा को चिरमिरी, भटगांव, बैकुंठपुर, विश्रामपुर, अक्षय तिवारी को जोहिला, सोहागपुर, जमुना कोतमा, हसदेव व अरूण कुमार झा को रायगढ़ क्षेत्र का प्रभारी बनाया गया है।

# छत्तीसगढ़ प्रांतीय अखंड ब्राह्मण समाज की नई कार्यकारिणी घोषित



**कोरबा।** छत्तीसगढ़ प्रांतीय अखंड ब्राह्मण समाज की कोरबा इकाई द्वारा स्थानीय स्तर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाज की नींव रखने वाली पूर्व महिला अध्यक्षों का सम्मान करने के साथ-साथ आगामी कार्यकाल के लिए नई टीम की घोषणा की गई। संगठन की प्रथम अध्यक्ष मधु पांडे, द्वितीय अध्यक्ष गायत्री नायक, तृतीय अध्यक्ष शील तिवारी एवं चतुर्थ अध्यक्ष मनोरमा शर्मा को श्रीफल और पुष्पमाला भेंट कर सम्मानित किया गया तथा नई कार्यकारिणी का गठन कर समाज को नई ऊर्जा प्रदान करने के लिए सर्वसम्मति से नई टीम का चयन किया गया। जिसमें अध्यक्ष रश्मि दुबे, उपाध्यक्ष निर्मला शर्मा, सचिव उषा पांडे, सह सचिव ममता तिवारी, कोषाध्यक्ष सर्बानी चटर्जी, सह कोषाध्यक्ष पूनम सतपथी को नियुक्त किया गया है। अन्य महत्वपूर्ण नियुक्तियां संगठन विस्तार के लिए उषा शर्मा को सलाहकार और वी. गिरिजा रानी को मीडिया प्रभारी बनाया गया है। सांस्कृतिक प्रकोष्ठ में नीता शर्मा, किरण शर्मा, चंद्रबाला शुक्ला, मिथिलेश नायक और तारा को जिम्मेदारी दी गई है। युवा प्रकोष्ठ का कार्यभार अनुभा दुबे, शुभ्रजा बाजपेई और हेमा शर्मा संभालेंगी। वहीं, समन्वयक के रूप में विभा पाठक, विभा मिश्रा (एडवोकेट) और सुधा झा को नियुक्त किया गया है।

# राशन वितरण में अनियमितता, तीन दुकान संचालकों पर कार्रवाई

**कोरबा।** जिले में राशन वितरण में लापरवाही और अनियमितताओं की शिकायत पर प्रशासन द्वारा कार्यवाही किया जा रहा है। दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित खबर और जनदर्शन में प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर कुणाल दुदावत ने खाद्य अधिकारी को टीम गठित कर तत्काल जांच के निर्देश दिए। खाद्य विभाग द्वारा कोरबा के ग्राम पंचायत कोरकोमा व खोड्डल एवं पाली के पटपरा की उचित मूल्य दुकानों की विस्तृत जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत की गई है।

जांच में पाया गया कि कोरकोमा की शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालित करने वाली मां अन्नदात्री महिला स्व सहायता समूह द्वारा लगभग 197.45 क्विंटल चावल और 22.82 क्विंटल नमक का व्यपवर्तन किया गया। साथ ही विभागीय निर्देशो का अवहेलना करते हुए आबंटन माह फरवरी और मार्च 2026 के दौरान विभाग से प्राप्त खाद्यान्न आबंटन का दुरुपयोग कर लगभग 435 राशन कार्डधारियों को राशन वितरित नहीं किया गया एवं पात्र हितग्राहियों का बायोमेट्रिक सत्यापन उपरांत भी निर्धारित समयावधि में खाद्यान्न वितरण में गम्भीर अनियमितता पाया गया। इसी प्रकार शासकीय उचित मूल्य दुकान खोड्डल की संचालन में भी गंभीर अनियमितताएं पाई गईं। दुकान की संचालक संस्था गुरु घासीदास महिला स्व सहायता समूह द्वारा 334.98 क्विंटल चावल और 6 क्विंटल शक्कर के व्यपवर्तन किया जाना पाया गया। साथ ही दुकान संचालको द्वारा प्रत्येक माह दुकान सीमित दिनों तक खोलने और राशन वितरण में अनियमितता बरतने की शिकायत भी सही पाई गई। उक्त दोनों मामलों में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कोरबा द्वारा संबंधित संचालकों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली(नियंत्रण) आदेश 2016 के संगत प्रावधान के अनुसार कार्रवाई की जा रही है।

# कोटपा अधिनियम के तहत सात दुकानों से वसूला गया जुर्माना

**कोरबा।** कलेक्टर कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा बालको क्षेत्र में कोटपा अधिनियम के उल्लंघन पर कड़ी कार्रवाई की गई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एस.एन. केशरी के नेतृत्व में गठित इस टीम में पुलिस विभाग, नगर निगम, खाद्य एवं औषधि विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी शामिल थे। अभियान के दौरान शैक्षणिक संस्थानों के आसपास तंबाकू उत्पाद बेचने वाली दुकानों का सघन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कोटपा अधिनियम 2003 की धारा 4 एवं धारा 6(अ) व 6(ब) का उल्लंघन पाए जाने पर कुल 7 दुकानों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई करते हुए 1780 रुपये का अर्थदंड वसूला गया। इसके अतिरिक्त 4 अन्य दुकानदारों को नियमों का कड़ाई से पालन करने हेतु अंतिम चेतावनी देते हुए समझाइश दी गई। कार्रवाई के साथ-साथ टीम द्वारा जन-जागरूकता अभियान भी चलाया गया, जिसके अंतर्गत स्थानीय नागरिकों और दुकानदारों को आई.सी. पाम्पलेट वितरित कर तंबाकू के सेवन से होने वाले जानलेवा दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई। इस दौरान सभी संबंधित दुकानों पर धारा 6(अ) के वैधानिक चेतावनी वाले पोस्टर भी चस्पा किए गए ताकि भविष्य में नियमों का उल्लंघन न हो। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि युवाओं के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने वालों के विरुद्ध इस प्रकार की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

**न्यायालय नायब तहसीलदार पुसौर, जिला-रायगढ़ (छ.ग.)**
**// ईशतहार //**

क्रमांक 733/रीडर 2/2026
पुसौर दिनांक 17.03.2026

प्रति,
1. कृष्ण कुमार साव पिता घसिया 2. जयराम साव पिता घसिया निवासी ग्राम - कसेर पारा सक्ती तहसील - सक्ती जिला-सक्ती (छ.ग.)

विषय:- विविध मामला के संबंध में उपस्थिति बाबत।

विषयांतर्गत संदर्भित पत्र का अवलोकन हो। लेख है कि इस न्यायालय राजस्व प्रकरण क्रमांक 202510043900007/बी-121/2025-26 ग्राम-सराईपाली तहसील पुसौर में आवेदक महेश राम साव पिता भीमसाव निवासी पुसौर तहसील पुसौर जिला रायगढ छ.ग. के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम सराईपाली प.ह.नं. 33 में स्थित ख.नं. 56/1 में रकबा 1.173 हे. भूमि स्थित है। उपरोक्त आवेदित भूमि का वर्तमान बटवारे के अनुसार दो समान भागों में विभाजीत न किया जाकर 31 1.6 भूमि को तथा नहर 1/2 डिसमील भूमि कुल भूमि 32 1.6 डिसमील भूमि से आवेदक को वंचित होना पड रहा है। अनावेदकगण के द्वारा साठ-गांठ कर कुछ अललिगल दस्तावेंजों के आधार पर पारित कर दिया गया है। उक्त संबंध में आवेदक द्वारा पुनर्विलोकन आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अत: आपको सूचित किया जाता है की आप उक्त सबंध में इस न्यायालय में सुनवाई दिनांक 13.04.2026 को इस न्यायालय में स्वयं उपस्थित होकर अपना जवाब प्रस्तुत करें। ताकि प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही की जा सकें।

**नायब तहसीलदार, पुसौर**

**न्यायालय ना. तहसीलदार बम्हनीडीह, जिला जांजगीर-चांपा छ.ग.**
**/नोटिस/**

रा.प्र.क्र. 202504064800032
ग्राम- सोठी

01. दूजराम उम्र 45 वर्ष पिता तिहारूराम पटेल निवासी सोठी तह. बम्हनीडीह जिला जांजगीर-चांपा छ.ग..........आवेदक

**बनाम**

01. प्रदीप कुमार 02 दीपक कुमार 03 योगेश्वरी 04 ललिता सभी पिता स्व. `भरतलाल 5. सृकृताबाई बेवा स्व. भरतलाल 6. खगेश्वर 7. जन्मेजय 8. हरिओम 9. पुष्पा अना.क्र. 6 से 9 तक के पिता शत्रुहन 10. शांतिबाई बेवा शत्रुहन ......आवेदकगण

आवेदक दूजराम पिता तिहारूराम पटेल निवासी सोठीं तह. बम्हनीडीह जिला जांजगीर-चांपा छ.ग. के द्वारा ग्राम पिपरदा स्थित भूमि ख.न. 204/1 रकबा 0.179 हे. भूमि में से 0.085 हे. भूमि को सीमांकन प्रतिवेदन के आधार पर न्यायालय नायब तहसीलदार बम्हनीडीह के समक्ष धारा 250 छ.ग.भू.रा. सहिता 1959 के तहत पुनस्थापना किये जाने हेतु आवेदन आवश्यक दस्तावेज के साथ प्रस्तुत किया गया है जिसमें उक्त भूमि से संबंधित खातेदारों / व्यक्तियों को विधिवत पक्षकार बना कर सुनवाई हेतु अवसर प्रदान किया गया है।

उक्त संबंध जिस किसी संस्था/व्यक्ति को आपत्ति हो तो अपने अधिवक्ता या स्वयं उपस्थित होकर दावा आपत्ति दिनांक 23.04.2026 के पूर्व प्रस्तुत कर सकते है नियत तिथि के बाद किसी प्रकार का दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किया जायेगा जिसके जिम्मेदार आप स्वयं होगे।

**नायब तहसीलदार**
**बम्हनीडीह**

**न्यायालय सक्षम प्राधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा.) मालखरौदा जिला-सक्ती (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र./ /अ-2/2025-26
ग्राम-कलमी तहसील-मालखरौदा

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक खिलेश्वर प्रसाद चन्द्रा पिता नत्थू लाल चन्द्रा जाति-चंद्रनाहू निवासी ग्राम-सारसडोल तहसील-मालखरौदा जिला-सक्ती (छ.ग.) के द्वारा अपने हक स्वामित्व की ग्राम-कलमी तहसील-मालखरौदा जिला-सक्ती (छ.ग.) में स्थित पैतृक भूमि खसरा नंबर 178/24 रकबा 0.0400 हे. भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराये जाने के लिए खसरा, नक्शा, बी-1, रजिस्ट्री पेपर एवं अधिकार अभिलेख की छायाप्रति सहित आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतः उक्त आवेदित भूमि का आवासीय प्रयोजन हेतु पुनर्निधारण किये जाने पर जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति इस न्यायालय में दिनांक 13/04/26 तक स्वयं या अधिवक्ता के जरिये उपस्थित होकर विधि अनुसार लिखित रूप से आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

आज दिनांक 13/02/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील एवं पदमुद्रा लगाकर जारी किया गया।

**सक्षम प्राधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा.) मालखरौदा जिला-सक्ती (छ.ग.)**

**कार्यालय तहसीलदार पामगढ़, जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**
**// ईशतहार //**

क्रमांक / / तह./वा./26
पामगढ़, दिनांक 27.03.2026
रा.प्र.क्र. 202604063100003/स-132
ग्राम - पेंड्री प.ह.नं.- 18

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता आवेदक बनगईहा वर्मा पिता सुखरू राम जाति कुर्मी ग्राम पेंड्री थाना पामगढ़ तहसील पामगढ़ जिला जांजगीर चांपा छ.ग. ने आवेदन पत्र एवं शपथ पत्र पेश कर निवेंदन किया है की आवेदक अपने पुत्री सरस्वती वर्मा पिता बनगईहा वर्मा का मृत्यु दिनांक 28.03.2018 को ग्राम पेंड्री पर हुआ है जिसका भूलवश पंजीयन ग्राम पेंड्री में नहीं करा पाने के कारण मृत्यु पंजीयन दर्ज कर प्रमाण पत्र का मांग किया है जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधिन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 13.04.2026 को दावा/आपत्ति पेश कर सकते है।

आज दिनांक 27.03.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**पामगढ़**
**जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम धरदेई प.ह.नं. 22 रा.नि.म. राहौद तहसील पामगढ जिला जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) मे भूमि (1) ख.न. 128/5 रकबा 0.097 हेक्टेयर, (2) ख.न. 689 रकबा 0.040 हेक्टेयर, (3) ख.न. 774/75 रकबा 0.004 हेक्टेयर, (4) ख.न. 910/1 रकबा 0.275 हेक्टेयर कृषि भूमि स्थित है जो कि भूमिस्वामी/खातेदार 1. ना.बा. दमेश्वर पिता दिलेराम, 2. ना.बा. हरिशंकर पिता दिलेराम, 3. महेशिया बेवा दिलेराम, 4. साधमति पिता मिट्ठू, 5. चकराम पिता मिट्ठू, 6. रामकली उर्फ चकबाई पिता मिट्ठू के नाम से दर्ज है। परन्तु हमारे सह खातेदार 1. साधमति, 2. रामकली उर्फ चकबाई दोनो का पिता मिट्ठू ने हम सबकी सहमति के बिना और बगैर जानकारी के अवैधानिक रूप से फर्द बटवारा कराकर खाता विभाजन का आदेश जारी करा लिया गया है। उक्त फर्द बटवारा और आदेश हमें मंजूर नहीं है इसलिए आदेश के विरूद्ध हम कानूनी कार्यवाही कर रहे है। अतः साधमती और रामकली उर्फ चकबाई द्वारा उपरोक्त वर्णित भूमि को किसी व्यक्ति के पास विक्रय करते हैं तो कोई भी व्यक्ति खरीदी नहीं करे अन्यथा कानूनी कार्यवाही में विक्रेता और क्रेता दोनो जवाबदेही होंगे।

सूचनार्थ :-
दिनांक - 09-04-2026

**सूचनाकर्ता**
**महेशिया के बाया अंगूठा**
**ग्राम धरदेई तहसील पामगढ़**
**जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**
**मो. नं. 9691795804**

जाँजगीर मार्केट

सेन्ट्रीग सामान का थोक भंडार
आपके शहर जांजगीर में सिंघानिया लकड़ी लघु उद्योग मे बल्ली, राप्टर, कढी, बत्ता, वेडी, सेन्टीग प्लेट, सेन्टीग प्लाई बांस, चौखट, खिड़की दरवाजे थोक एवं चिल्हर कम दर पर प्राप्त करे बबूल, सागौन, सराई, खम्हार एवं अन्य इमारती लकड़ी मिलने का एक मात्र स्थान
नोट - जलाऊ लकड़ी एवं जलाऊ गुटका थोक एव चिल्हर मे प्राप्त करे
विशेष - अग्निशामक यंत्र (फायर सेफ्टी) मिलने का एक मात्र स्थान
सिंघनिया लकड़ी लघु उद्योग
नेती जी चौक लिंक रोड जांजगीर बैंक आफ बडौदा के बाजू मे
प्रो. शंकर सिंघानिया मो-93023 62173

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकिज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त



# कॉकटेल-2 के गाने जब तलक का फर्स्ट लुक रिलीज

**मुंबई**। शाहिद कपूर, कृति सेनन और रश्मिका मंदाना की आने वाली फिल्म 'कॉकटेल 2 बीते कुछ दिनों से सुर्खियों में हैं। मेकर्स थोड़े-थोड़े टाइम पीरियड में फिल्म से जुड़ी झलकियां फैंस के साथ शेयर कर रहे हैं। इस बीच बुधवार कोभी उन्होंने फिल्म के गाने 'जब तलक'का लुक शेयर किया है। मेकर्स के साथ फिल्म के एक्टर्स ने भी इस गाने का लुक शेयर किया। शाहिद कपूर ने अपने इंस्टाग्राम पर इसे शेयर कर लिखा- 'इस समर और भी ज्यादा गर्मी पड़ने वाली है।'गाने के क्लिप में तीनों एक्टर्स काफी कूल लुक में नजर आए, साथ ही इंजॉए करते हुए और पार्टी करते दिखाई दिए।

लाइफ Style

# मृणाल

## रणवीर की वजह से मैं इंडस्ट्री में हूं

एजेंसी ▶▶ मुंबई

'धुरंधर 2' को लेकर रणवीर सिंह को लोगों से काफी प्यार मिल रहा है। इस बीच एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर ने भी एक्टर की जमकर तारीफ की है और उनको लेकर बड़ा स्टेटमेंट दिया है। हाल ही में मृणाल ठाकुर रणवीर इलाहबादिया के पॉडकास्ट में पहुंची थीं।

मृणाल ने रणवीर की तारीफ करते हुए कहा, 'मेरा दिल बहुत खुश है। वो मेरे लिए लकी चार्म हैं। इसी वजह से मैं इस इंडस्ट्री में हूं। मैंने उनके साथ एक हेयर ब्रांड के लिए ऐड किया था, और जब वो ऐड टीवी पर आया तभी फिल्ममेकर्स ने मुझे नोटिस करना शुरू किया। मैं इसका पूरा क्रेडिट उन्हें देती हूं। उन्होंने सच में मेरी बहुत मदद की है। वो बहुत पॉजिटिव इंसान हैं और उन्हें हर सफलता मिलनी चाहिए।'उन्होंने 'धुरंधर 2' में भी रणवीर की परफॉर्मेंस की तारीफ करते हुए कहा, 'उनकी एक्टिंग सिर्फ ऊपर-ऊपर की नहीं थी, उसमें गहराई और कई परतें थीं। मैंने उन्हें रणवीर सिंह के रूप में नहीं देखा, सिर्फ 'हमजा'के किरदार में देखा। वो हीरो से ज्यादा एक किरदार लगे। मुझे उन पर बहुत गर्व है, क्योंकि वो बहुत मेहनती हैं। मैं दुआ करती हूं कि वो जो भी करें, वो ब्लॉकबस्टर हो। वो सब कुछ कर सकते हैं।'बता दें कि रणवीर सिंह ने धुरंधर में हमजा का किरदार निभाया था, जिसके लिए उन्हें काफी सराहना मिली। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर भी ताबड़तोड़ कमाई की। फिल्म ने भारत में कुल 1,033.37 करोड़ का कलेक्शन कर लिया है। वहीं इसका वर्ल्डवाइड कलेक्शन 1,641.21 करोड़ का हो गया है।



हॉलीवुड मसाला



# जस्टिन के साथ शेयर की क्यूट तस्वीर

**लॉस एंजिल्स**। अपने गानों से सभी का दिल जीत चुकीं अमेरिकी सिंगर कैथरीन एलिजाबेथ उर्फ कैटी पेरी ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर कुछ तस्वीरें शेयर कर फैंस का दिल जीत लिया है। कैटी ने अपनी इस नई पोस्ट में कनाडा के पूर्व प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के साथ अपनी खास तस्वीरें शेयर कर फैंस को फिर से सरप्राइज कर दिया है। कैटी ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर कई तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों के साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'कभी नहीं सोचा था कि कर्म इतना फलदायी हो सकता है।'




# द डेविल वियर्स प्राडा 2 का ट्रेलर रिलीज

**लॉस एंजिल्स**। हॉलीवुड फिल्म 'द डेविल वियर्स प्राडा 2' का फाइनल ट्रेलर रिलीज हो चुका है। दूसरे पार्ट में भी कई पुराने किरदारों नजर आ रहे हैं, जो पहली फिल्म का पार्ट थे। मेरिल स्ट्रीप और ऐनी हैथवे 20 साल बाद इस फिल्म में साथ नजर आएंगी। यह फिल्म 1 मई 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। मेरिल स्ट्रीप का किरदार इस बार भी नामी फैशन मैगजीन से जुड़ी हैं, लेकिन उनके किरदार को एक स्कैंडल का शिकार हो गया है। इस मुश्किल में ऐनी हैथवे का किरदार उनकी मदद के लिए आगे आता है। बता दें कि पहले पार्ट में एनी और मेरिल के किरदारों के बीच तीखी नोक-झोंक दिखी थी, जो इस बार भी देखने को मिल रही है। फिल्म 'द डेविल वियर्स प्राडा 2' में मेरिल स्ट्रीप और ऐनी हैथवे के अलावा एमिली ब्लंट, स्टेनली टुकी, ट्रेसी थॉमस और टिबोर फेल्डमैन भी वापसी कर रहे हैं।



# श्री बाबा नीम... में बने करोली महाराज

**मुंबई**। नीम करोली बाबा की जिंदगी पर कई फिल्में बन रही हैं। इनमें से एक फिल्म है 'श्री बाबा नीम करोली महाराज'। इसका टीजर बुधवार को रिलीज कर दिया गया है। यह फिल्म 24 अप्रैल को रिलीज होगी। इसमें अभिनेता सुबोध भावे नीम करोली बाबा का किरदार निभा रहे हैं। टीजर की शुरुआत सुबोध भावे की एंट्री से होती है, जो नीम करोली बाबा के रूप में गहरी समाधि में बैठे दिख रहे हैं। फिर उनकी आवाज सुनाई देती है- 'ये देख, मैं आ गया हूं तेरे लिए। इसी दिन का इंतजार था ना तुझे? देख, मैं तेरे सामने खड़ा हूं।' टीजर में राजेश शर्मा को भी हाथ जोड़ते हुए दिखाया गया है। सुबोध भावे एक अभिनेता, लेखक, निर्देशक और निर्माता हैं। वह मुख्य रूप से मराठी फिल्मों में प्रसिद्ध हैं। उन्होंने साल 2000 में टीवी से शुरुआत की।



# राम गोपाल संग बिताए पलों को किया याद

**मुंबई**। अभिनेता मनोज बाजपेयी ने फिल्ममेकर राम गोपाल वर्मा के बर्थडे पर खास अंदाज में उन्हें विश किया और अपनी पुरानी यादें ताजा कीं। एक्टर ने अपने सोशल मीडिया पर कुछ अनदेखी थ्रोबैक तस्वीरें शेयर कीं, जिनमें उनके साथ बिताए गए कई वर्षों की झलक देखने को मिली। इन तस्वीरों में उनकी प्रोफेशनल और पर्सनल बॉन्डिंग साफ नजर आई। मनोज ने अपने इस लंबे सफर को 'अनफॉरगेटेबल' बताया और लिखा, 'हैप्पी बर्थडे हमने साथ में पागलपन, बहसें, हंसी और कई यादगार फिल्में बनाई हैं। मैं इन सबके लिए शुक्रगुजार हूं। ऐसे ही बेबाक और निडर बने रहो। बता दें कि राम गोपाल वर्मा की अपकमिंग हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'पुलिस स्टेशन में भूत'साल 2026 में रिलीज होने की उम्मीद है।

टीवी मसाला



# पुलकित इस बार रोमांस छोड़ लगाएंगे बॉक्सिंग का पंच...

**मुंबई**। पुलकित सम्राट और दिव्येंदु शर्मा स्टारर स्पोर्ट्स थ्रिलर 'ग्लोरी'का टीजर बुधवार को सामने आया है। रोमांस छोड़कर इस बार पुलकित बॉक्सिंग करते नजर आएंगे। टीजर को देखने के बाद फैंस इस सीरीज के लिए और पुलकित सम्राट को इस अंदाज में देखने के लिए काफी उत्सुक हैं। हरियाणा की ब्रूटल और इमोशनली चार्ज बॉक्सिंग की दुनिया पर आधारित 'ग्लोरी' का टीजर पारंपरिक स्पोर्ट्स ड्रामा से इतर एक जटिल कहानी की ओर इशारा करता है। इसमें बदला, महत्वाकांक्षा और टूटे हुए रिश्ते आपस में टकराते हैं। 1 मिनट 11 सेकंड के इस टीजर में बॉक्सिंग, मर्डर, सस्पेंस, पॉवर और थ्रिलर देखने को मिलता है। टीजर में त्याग, बलिदान और कष्ट की बात की जाती है। करण अंशुमन और कनिष्क वर्मा द्वारा निर्देशित 'ग्लोरी' में दिव्येंदु शर्मा और पुलकित सम्राट प्रमुख भूमिका में नजर आएंगे। इसके अलावा सीरीज में 'धुरंधर' फेम सुविंदर विक्की, आशुतोष राणा, यशपाल शर्मा और सिकंदर खेर भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। एटॉमिक फिल्म्स के तहत निर्मित 'ग्लोरी'1 मई से ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम करेगी। पुलकित सम्राट और दिव्येंदु शर्मा के लिए 'ग्लोरी' काफी अहम है, क्योंकि दोनों को अपने करियर में एक बड़ी सफलता की जरूरत है।

## 'तुम हो ना' से टीवी पर वापसी करेंगे राजीव

**नई दिल्ली**। एक बिल्कुल नया रियलिटी गेम शो 'तुम हो ना' आने वाला है। इस शो को 'कहीं तो होगा' फेम राजीव खंडेलवाल होस्ट करेंगे। इस शो को लेकर राजीव ने खास बाते बताई हैं। राजीव खंडेलवाल ने कहा, 'कई साल में मुझे कई तरह के रोल ऑफर मिले। कुछ प्रयोगात्मक थे तो कुछ बहुत अलग-अलग। लेकिन, मैंने हमेशा अपने दिल की सुनी और वही काम चुना जो मुझे सच में मायने रखता हो। 'तुम हो ना' शो के साथ टीवी पर वापसी करके मुझे बहुत खुशी हो रही है। मैं एक बहुत सुंदर शो लेकर आ रहा हूं जो मेरे दिल के बहुत करीब है।' यह शो जल्द ही सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन और सोनी लिव पर शुरू होगा। राजीव खंडेलवाल ने मुख्य रूप से 5 से अधिक प्रमुख टीवी रियलिटी शो और टॉक शोज को होस्ट किया है। उनके चर्चित होस्टिंग प्रोजेक्ट्स में डील या नो डील (2006), सच का सामना (सीजन 1 और 2), सुपर कार्स, माय एंडेवर (2013), और जज्बात (2018) शामिल हैं। उन्होंने 2016 में द लीजेंड ऑफ जगन्नाथ' नाम की डॉक्यूमेंट्री भी होस्ट की है। राजीव खंडेलवाल एक भारतीय फिल्म और टेलीविजन अभिनेता और होस्ट हैं, जिन्होंने कहीं तो होगा (2003-2005) से घर-घर में पहचान बनाई।



# जिंदगी की तलाश गाने को सुनने के बाद खूब रोया था दुबई का असली डॉन...

*नई दिल्ली। गीतकार समीर अनजान ने एक ऐसा गाना लिख दिया था जिसे सुनने के बाद दुबई का डॉन बहुत रोया था। रात भर रोने के बाद समीर को किया था फोन। ये था वो गाना जिसने असली डॉन तक को रुला दिया। गाना आज भी दिल छू जाता है। हिंदी सिनेमा में कई फिल्में डॉन पर बनाई गई हैं। अक्षय कुमार, अजय देवगन जैसे एक्टर्स ने माफिया डॉन के किरदार निभाकर ऑडियंस को खुश कर दिया है। कई फिल्मों में डॉन के अलग-अलग रूप को दिखाया, उनपर गाने भी बने। लेकिन क्या आपको पता है एक गाने के लिए असली माफिया डॉन इतना दीवाना हो गया था कि उसने गाना लिखने वाले गीतकार को सोने से लादने की बात कह दी थी। ये गीतकार हैं समीर अनजान। कई खूबसूरत गाने लिखने वाले समीर ने एक गाना डॉन की जिंदगी पर भी लिखा था। लेकिन, उन्हें नहीं पता था कि फिल्म की कहानी पर लिखा गया ये गीत असली डॉन के दिल को छू जाएगा।*



## समीर को डॉन ने किया था फोन

माफिया डॉन ने समीर को सुबह के 4 बजे फोन किया और जो कहा उसने उन्हें हैरान कर दिया। समीर कहते हैं कि उस डॉन ने उस समय शराब पी रखी थी। और कहा आप दुबई आ जाओ। मैं आपको सोने से लाद के भेजूंगा। ये सुनते ही समीर ने हैरानी से पूछा कि क्या हुआ, लेकिन डॉन ने फिर कहा कि आप आ जाओ। गीतकार ने उनसे वादा किया कि वो जरूर आएंगे। लेकिन, पहले वजह तो बताइए। समीर ने बताया कि डॉन ने उनसे कहा कि सर आपने एक ऐसा गाना लिख दिया है जिसकी दो लाइन में आपने मेरी पूरी जिंदगी कह दी। वो गाना सुना और रात भर मैं रोया हूं।

## फिल्म की सिचुएशन पर था गाना

समीर ने बताया कि उन्होंने फिल्म साथी के लिए एक गाना लिखा था 'जिंदगी की तलाश में हम मौत के कितने पास आ गए। जब ये सोचा तो घबरा गए हम कहां थे कहां आ गए'। इस गाने को सुनने के बाद डॉन खूब रोया और समीर को फोन किया। फिल्म में भी ये गाना एक डॉन के किरदार पर बेस्ड था। लेकिन, इसके मुखड़े भर ने डॉन को रुला दिया। ये किस्सा समीर अनजान आज तक नहीं भूल पाए हैं। उन्होंने फिल्म की सिचुएशन पर गाना लिखा था, लेकिन नहीं सोचा था कि कोई असली डॉन भी इससे प्रभावित हो जाएगा।

# 'है जवानी तो इश्क होना है' में वरुण-पूजा का दिखा रोमांटिक अंदाज

**मुंबई**। वरुण धवन और पूजा हेगड़े की नई फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' कथित तौर पर मई महीने में सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। लेकिन, रिलीज से पहले वरुण धवन ने फिल्म की शूटिंग की एक खूबसूरत तस्वीर शेयर की है। इस तस्वीर में वरुण और पूजा नदी के किनारे रोमांटिक पोज देते नजर आ रहे हैं। जिस पर जान्हवी कपूर ने एक खास कमेंट किया है। इस तस्वीर के साथ वरुण धवन ने कैप्शन में लिखा, 'इश्क सिर्फ एक बार होता है।' वरुण की इस तस्वीर पर जान्हवी कपूर ने मजाकिया कमेंट किया। जान्हवी ने लिखा, 'लेकिन आप कैप्शन में क्यों चिल्ला रहे हैं?' जान्हवी कपूर और वरुण धवन पहले 'बवाल' और 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' जैसी फिल्मों में एक साथ काम कर चुके हैं। 'है जवानी तो इश्क होना है' फिल्म का शीर्षक फिल्म 'बीवी नंबर 1' के गाने 'इश्क सोना है' से लिया गया है, जिसमें सलमान खान और सुष्मिता सेन ने अभिनय किया था। तस्वीर के बैकग्राउंड में 1999 की पुरानी फिल्म 'इश्क सोना है' का गाना बज रहा है। फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' की शूटिंग पिछले साल शुरू हुई थी। पूजा हेगड़े ने इंस्टाग्राम पर ऋषिकेश से वरुण के साथ गंगा आरती की तस्वीरें और वीडियो शेयर किए थे। फिल्म का निर्माण रमेश तौरानी कर रहे हैं। इस फिल्म में मृणाल ठाकुर भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। पूजा हेगड़े की आखिरी फिल्म 'देवा' थी, जिसमें उन्होंने शाहिद कपूर के साथ काम किया था।



## 'राका' के पोस्टर में अल्लू अलग रूप में आ रहे हैं नजर

# अजीबोगरीब लुक में नजर आए ये कलाकार, किसी ने डराया तो किसी ने किया हैरान

**मुंबई**। अल्लू अर्जुन के जन्मदिन के मौके पर उनकी अपकमिंग फिल्म 'राका' का पहला पोस्टर जारी हो गया है। पोस्टर में अल्लू अर्जुन अलग रूप में नजर आ रहे हैं। पोस्टर में उनके चेहरे के सामने जानवर का पंजा है। अंदाजा लगाया जा रहा है कि 'राका' में अल्लू अर्जुन का लुक इंसान और जानवर का मिश्रण हो सकता है। इसी कड़ी में हम आपको उन कलाकारों के बारे में बता रहे हैं जो फिल्मों में बहुत अजीब लुक में नजर आए।

### कमल हासन- कल्कि (2024)

'कल्कि 2898 एडी में कमल हासन एक बूढ़े व्यक्ति के रूप में नजर आए थे। उनका यह लुक काफी डरावना और झुर्रियों वाला था। उनके लुक को देखकर लग रहा था कि वह जिंदा लाश हैं। उनका लुक इतना अजीब था कि एक्टर को पहचानना बहुत मुश्किल हो रहा था। कमल का यह लुक उनके अब तक के सबसे अलग किरदारों में से एक है।

### राजकुमार राव राब्ता (2017)

फिल्म राब्ता में राजकुमार राव ने कैमियो किया था। हालांकि उन्होंने अपने लुक से लोगों को हैरान कर दिया था। इस लुक में वह डरावने लग रहे थे। फिल्म में उन्होंने 324 साल के बेहद बुजुर्ग व्यक्ति की भूमिका निभाई थी। राजकुमार राव के इस लुक की दुनियाभर में तारीफ हुई थी।



### कार्थी- काशमोरा (2016)

फिल्म कश्मोरा में कार्थी ने डबल रोल अदा किया था। उनके किरदार का नाम कश्मोरा और राज नायक था। फिल्म में कार्थी का लुक बहुत अलग था। इस लुक के लिए उन्होंने दाढ़ी बड़ी की थी, सिर मुंडवाया था। वह पुराने सैनिकों की पोशाक में नजर आए थे। उनके चेहरे की बाईं तरफ एक काला निशान भी था।

### विक्रम- आई (2015)

फिल्म आई में विक्रम ने ली नाम के एक ऐसे शख्स का किरदार निभाया था, जो एक वायरस की चपेट में आ जाता है। बीमारी से ग्रस्त होने के बाद वह जवानी में ही बूढ़े लगते हैं। उनके बाल भी झड़ जाते हैं। इसके बाद वह काफी डरावने लगने लगते हैं। अच्छा इलाज मिलने के बाद वह ठीक हो जाते हैं। फिल्म में उनके अजीब लुक की काफी तारीफ हुई थी।

### संजय दत्त- अग्निपथ (2013)

ऋतिक रोशन और प्रियंका चोपड़ा की अदाकारी वाली फिल्म अग्निपथ में संजय दत्त का लुक काफी अलग था। इसमें उन्होंने कांचा चीना नाम के विलेन का किरदार निभाया था। संजय दत्त इसमें गंजे थे। फिल्म में इस किरदार को निभाने के लिए उन्होंने अपनी भौहें भी बनवा दी थीं। इस लुक को काफी डरावना और अजीब माना गया।

## खबर संक्षेप

### विकासखंड स्तरीय पशुधन कुक्कुट प्रदर्शनी एवं पशु मेला आयोजित



**तनौद।** विकासखंड स्तरीय पशुधन व कुक्कुट प्रदर्शनी एवं पशु मेला का आयोजन 9 अपैल को ग्राम धरदेई में आयोजित किया गया। जिसमें पशुधन प्रदर्शनी में विभिन्न वर्गों के पशुओं का अलग-अलग समूहों(पशुओं) में बाटकर प्रदर्शनी आयोजित की गई। प्रत्येक समूहों के पशुओं के गुणवत्ता के आधार पर प्रथम,द्वितीय,तृतीय एवं सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती शेषराज हरबंश विधायक पामगढ़, श्रीमती रंजना मानेश जांगड़े अध्यक्ष ज. प. पामगढ़, विशिष्ट अतिथि रूपचंद साहू उपाध्यक्ष ज. प. पामगढ़), रजनी - दीपक साहू एवं शांता बाई - दीनदयाल (ज.प. सदस्य पामगढ़, साकेत बिहारी कर्ष सरपंच धरदेई, डॉ.एम.एस.पाटले सहायक पशु चिकित्सा शल्यज्ञ पामगढ़, टी. के.टंडन, सुखसागर आदित्य, लेखराम चंद्रा, नूरखान,अभिषेक,रामकृपाल,परदेशी यादव एवं सुखनंदन साहू, शत्रुघ्न पटेल,प्रभाकर साहू,लीलाराम,पंकज,प्रेम दिनकर,माधव साहू, लखेश्वर साहू एवं पशुपालक नरेंद्र साहू,चंदराम साहू, सीनू पटेल, सखित यादव उपस्थित थे।

### भाजपा महिला मोर्चा की अल्का मंत्री तो सिंकी बनी कोषाध्यक्ष

**चांपा।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा के संगठन विस्तार के तहत चांपा में नई जिम्मेदारियों की घोषणा



की गई है। इस क्रम में केशरवानी वैश्य महिला सभा चांपा की अध्यक्ष अल्का केशरवानी को भाजपा महिला मोर्चा का नगर मंत्री नियुक्त किया गया है, जबकि छत्तीसगढ़ केशरवानी वैश्य महिला सभा की प्रचार मंत्री सिंकी गुप्ता को कोषाध्यक्ष की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। दोनों पदाधिकारियों की नियुक्ति के बाद कार्यकर्ताओं एवं केशरवानी/गुप्ता समाज में उत्साह का माहौल देखा जा रहा है। संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ साथ केशरवानी समाज के लोगों उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए बधाई देते हुए विश्वास जताया है कि उनके नेतृत्व में महिला मोर्चा और अधिक सक्रिय एवं मजबूत होगा। अल्का केशरवानी लंबे समय से सामाजिक एवं भाजपा के गतिविधियों में सक्रिय रही हैं और केशरवानी समाज में महिला सभा चांपा के अध्यक्ष के रूप में काम करते हुए बड़ी संख्या में महिलाओं में एकजुट कर संगठित करने का काम किया है। वहीं सिंकी गुप्ता भी केशरवानी महिला सभा चांपा में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सक्रियता से निभा रही हैं। नई जिम्मेदारी मिलने के बाद दोनों पदाधिकारियों ने संगठन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे पार्टी की नीतियों और महिला सशक्तिकरण के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगी।

### पंजाब नेशनल बैंक का एटीएम प्रारंभ, लोगों को मिलेगी सुविधा



**मुलमुला-नरियरा।** नगर पंचायत नरियरा के पंजाब नेशनल बैंक की शाखा परिसर में एटीएम अब प्रारंभ हो गया है। यहां राशि निकालने और जमा करने दोनों सुविधा उपलब्ध है। नगर वासियों द्वारा लंबे समय से एटीएम सुविधा हेतु मांग की जा रही थी। शाखा प्रबंधक पवन कुमार सिंह के प्रयास से यहां पंजाब नेशनल बैंक का एटीएम प्रारंभ हुआ। लोगों को अब पैसे जमा करने एवं निकालने में परेशानी होगी।

## निधन

### भोला सिंह सिदार

**मालखरौदा।** ब्लॉक मुख्यालय से लगे ग्राम बीरभाठा के प्रतिष्ठित नागरिक स्व. गुरुदयल सिंह



सिदार के पांचवें पुत्र भोला सिंह सिदार तबला वादक का 62 वर्ष की आयु में गुरुवार 8 अप्रैल को आकस्मिक निधन हो गया। वे आशीष कुमार के पिता तथा कान्हा, कुणाल व नमन के दादा थे। उनकी अंतिम यात्रा में स्वजातीय बंधु, मित्रगण एवं ग्रामवासी बड़ी संख्या में शामिल हुए। मुखाग्नि उनके भांजा अशोक सिदार ने दी। स्व. भोलासिंह सिदार को गांव में चल रहे रामायण उत्सव में उपस्थित हर मंडली वाले ने उनका स्मरण करते हुए श्रद्धांजलि दी।

### तनवीर अहमद



**अकलतरा।** रायगढ़ निवासी प्रतिष्ठित नागरिक तनवीर अहमद का 42 साल की उम्र में आकस्मिक निधन हो गया। वे अपने पीछे पत्नी समेत चार मासूम बच्चों का परिवार रोता बिलखता छोड़ गए है। अंतिम यात्रा में परिजन एवं सजातीय बंधु बड़ी संख्या में शामिल हुए।

नहीं पहुंच रही नहर की धार, आंदोलन की दी चेतावनी

# टेल एरिया में गहराया जल संकट बूंद-बूंद पानी को तरस रहे ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

जिले के टेल एरिया में इन दिनों जल संकट भयावह रूप लेता जा रहा है। आदर्श ग्राम गोधना के नैया तालाब सहित कुकदा, कुरियारी और सलखन के तालाब सूखने की कगार पर हैं। हालत यह है कि इन गांवों की आम जनता बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रही है और अब आंदोलन की तैयारी में जुट गई है।

नहर में पानी छोड़े जाने के बावजूद टेल एरिया तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है। इसके चलते तालाबों को भरने का कार्य भी नहीं हो पा रहा है। नतीजतन ग्रामीणों को गंदगी युक्त पानी में ही निस्तारी और स्नान करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। जल स्तर गिरने से हैंडपंप भी जवाब देने लगे हैं, जिससे पेयजल संकट और गहरा गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि सिंचाई विभाग द्वारा जल वितरण में भारी असंतुलन बरता जा रहा है। जानकारी के अनुसार धुरकोट नहर डिवाइडिंग सेक्टर से नवागढ़ सिंचाई क्षेत्र की ओर 350 क्यूसेक से अधिक पानी छोड़ा जा रहा है, जबकि मुड़पार सिंचाई क्षेत्र में 250 क्यूसेक से भी कम पानी दिया जा रहा है। इसका सीधा असर टेल एरिया के गांव गोधना, कुकदा, कुरियारी और सलखन पर पड़ रहा है, जहां निस्तारी के लिए भी



टेल एरिया की सूखी नहर।

पर्याप्त पानी नहीं पहुंच पा रहा है। वहीं सेमरा और अवरीद गांव में रबी फसल लगाए जाने के कारण किसानों द्वारा नहर के पानी को बीच में ही रोक दिया जा रहा है। इससे टेल एरिया तक पानी की आपूर्ति पूरी तरह प्रभावित हो रही है। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया है कि पानी पहुंचाने के लिए जिम्मेदार टाइमकीपर द्वारा भी लापरवाही बरती जा रही है। टाइमकीपर ने 7 अप्रैल तक पानी पहुंचाने का आश्वासन दिया था, लेकिन अब तक उस पर अमल नहीं हुआ। इस गंभीर समस्या को लेकर ग्रामीणों ने पूर्व में जनदर्शन में आवेदन देकर प्रशासन से समाधान की मांग की थी, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। इससे लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन की उदासीनता के कारण हालात लगातार बिगड़ते जा रहे हैं और अब स्थिति भयावह होती जा रही है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही टेल एरिया तक पानी पहुंचाने की व्यवस्था नहीं की गई, तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। फिलहाल पूरे क्षेत्र में जल संकट को लेकर असंतोष और नाराजगी का माहौल बना हुआ है। इस समस्या को पामगढ़ विधानसभा के विधायक शेषराज हरवंश को भी अवगत कराया गया है लेकिन वह भी ध्यान नहीं दे रही हैं।



अमिता को तिरंगा एवं गुलदस्ता भेंटकर हौसला आफजाई करते मेडिकल टीम।

## विश्व की सर्वोच्च चोटी माउंट एवरेस्ट पर तिरंगा फहराएंगी अमिता हुई रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

- लोरमी मेडिकल टीम ने चांपा पहुंचकर की हौसला आफजाई

जिले की बेटी अमिता श्रीवास विश्व की सर्वोच्च चोटी माउंट एवरेस्ट में फतह करने गुरुवार 9 अप्रैल को काठमांडू के लिए रवाना हुई। इसके एक दिन पूर्व 8 अप्रैल को लोरमी मेडिकल टीम अमिता श्रीवास के चांपा स्थित निवास पहुंचकर उनके अदम्य साहस के लिए हौसला आफजाई कर गुलदस्ता भेंट की एवं माउंट एवरेस्ट में फतह कर सुरक्षित वापसी की शुभकामनाएं दी।

अमिता श्रीवास ने एक भेंट में बताया कि उन्हें बचपन से ही पढ़ने का शौक था। वे बचपन में बुक पढ़ते थे भारत के प्रथम महिला पुरुष के बारे में जिससे मुझे प्रेरणा मिली कि कोई बड़ा करना है। ऐसा काम जो बड़ा काम हो। उन्होंने कहा कि ऐसा काम करूं जिससे लोग उनके बारे में पढ़ें। अमिता ने बताया कि वे माउंट एवरेस्ट के लिए 9 अप्रैल को रवाना हो रही है। 55 दिन का यह अभियान है। वर्ल्ड का हाईएस्ट पिक है, जिसकी ऊंचाई 8848 मीटर है। उन्होंने बताया कि यदि वे माउंट एवरेस्ट के शिखर में पहुंचती है तो वे छत्तीसगढ़ की दूसरी महिला पर्वता रोही होंगी जो माउंट एवरेस्ट में फतह करूंगी। अमिता ने बताया कि उन्हें पूरा यकीन है कि इस अभियान को पूरा कर पूरे प्रदेश एवं जिले का नाम रोशन करेंगी। इस अवसर पर मेडिकल टीम प्रमुख मिंटू छाबड़ा, अवधेश सिंह, मुकेश कश्यप, जीवन साहू, अभिलाष जायसवाल उपस्थित थे।

## आईटी के विद्यार्थियों ने किया इंटर्नशिप



**हसौद।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हसौद के कक्षा 11वीं तथा 12वीं के छात्र-छात्राओं ने अरिना कंप्यूटर इंस्टिट्यूट में अपना 10 दिवसीय इंटर्नशिप प्रोग्राम पूरा किया। शासन के आदेशानुसार यह इंटर्नशिप प्रोग्राम व्यावसायिक शिक्षा में आईटी विषय में छुट्टियों के दौरान होता है। संस्थान की डायरेक्टर सुश्री निकिता केंवट ने बच्चों को ग्राफिक्स, एनीमेशन मीडिया, प्रेजेंटेशन तथा डाटा एंट्री, इत्यादि के बारे में जानकारी दी तथा प्रैक्टिकल कराया। इंटर्नशिप कंप्लीट तभी होता है जब उससे संबंधित छात्रवृत्ति छात्र-छात्राओं का खातों में चली जाती है। इंटर्नशिप के सफलता पूर्वक पूर्ण होने पर स्कूल के हिंदी की व्याख्याता लिसा कुर्रे, संस्कृत के व्याख्याता रामकुमार चंद्रा, हेम्मर सिंह कंवर, आईटी के शिक्षक अनिल प्रकाश बंजारे, वरिष्ठ शिक्षक हेमलाल चंद्रा तथा प्राचार्य शिवप्रसाद द्विवेदी ने शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## केवल भाव के भूखे हैं भगवान : पं. तिवारी

**बहेराडीह।** यह जीव चाहे शत्रु हो या मित्र जिस भी भाव से भगवान को याद करेगा या उनके पास जाएगा तो प्रभु उसे अपना ही लेते हैं उनको गति मुक्ति प्रदान करते हैं।

उक्त बातें व्यासपीठ से पंडित अशोक तिवारी ने बंगला चौक सिवनी में जनसहयोग से आयोजित भागवत कथा के

- सिवनी के बंगला चौक में जन सहयोग से भागवत कथा आयोजित

पांचवें दिन पूतना उद्धार की कथा प्रसंग सुनाते हुए कहीं। उन्होंने बताया कि पूतना एक अविद्या है अज्ञानता है जो व्यक्ति के 14 स्थानों पर रहता है और मन में विकार उत्पन्न करता है पर यह जीव जब प्रभु की शरणागति स्वीकारता है तो इनसे छुटकारा मिल जाती है। कथा के पांचवा दिन उन्होंने बालकृष्ण के बाल लीला का सुंदर व्याख्या किए और कथा प्रसंग के रहस्य को बताएं। यह पूतना पूर्व जन्म में रत्नमाला थी। राजा बलि की बेटी जब भगवान वामन रूप में बलि के दरवाजे पर आए तो उनकी सुंदर छवि को देखकर रत्नमाला मन ही मन कहने लगी काश ऐसे पुत्र मेरे होते तो उसे अपना स्तनपान कराती तो भगवान ने तथास्तु बोलकर आशीर्वाद दिए थे फिर जब वामन से विराट रूप विराट रूप बने तो रत्नमाला कहने लगी ऐसे पुत्र को तो मैं जहर देकर मार डालती। भगवान ने उनकी दोनों बातें मानी यही रत्नमाला द्वापरयुग में पूतना बनाकर भगवान कृष्ण को स्तनपान कराई भगवान ने विभिन्न असुरों को उनके पूर्व जन्म में दिए गए श्राप को पूर्ण करने के लिए मारकर उनकी गति मुक्ति प्रदान किये है। गोवर्धन लीला के प्रसंग सुनाते हुए उन्होंने बताया कि भगवान इंद्र के अभियान को समाप्त करने के लिए एक नई परंपरा की शुरुआत करते हुए गोवर्धन पर्वत की पूजा कराए लेकिन जब वर्षा रूपी समस्या आई तो उनके साथ खड़े रहे, इसीलिए जो दुख में साथ दे वह भगवान है और सुख में साथ देने वाला जीव है। कथा के बीच-बीच में सुंदर भजनों से उपस्थित श्रोता मंत्र मुग्ध हो रहे है। कथा श्रवण करने बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।



उपस्थित श्रद्धालुओं को श्रीमद् भागवत कथा सुनाते ब्यास आचार्य।

## कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ

**डोंगाकोहरौद।** ग्राम डोंगाकोहरौद के शिरीष पाठ मार्ग में स्थित धीवर परिवार निवास में श्रीमद भागवत कथा का शुभारंभ गत सात अप्रैल को कलश यात्रा के साथ हुआ जिसमें ब्यासपीठ पर गांव के ही आचार्य उमाशंकर पाण्डेय विराजित हैं। यह कथा काशीराम धीवर श्रीमती जता बाई, हिंछाराम उपासीन बाई धीवर परिवार द्वारा आयोजित है। श्रीमद् भागवत कथा का समापन गीता पाठ, तुलसी वर्षा, सहस्त्र धारा, ब्राम्हण भोजन के साथ 14 अप्रैल को होगी। आयोजक परिवार ने कथा श्रवण सभी ग्रामवासीयों से उपस्थिति की अपील की है।



## व्यवहार न्यायालय चांपा में एक दिवसीय निः शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चांपा

व्यवहार न्यायालय चांपा में विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर एक दिवसीय निः शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया।

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जांजगीर के मार्गदर्शन में विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर एक दिवसीय निः शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर कार्यक्रम आयोजित हेतु निर्देशित किया गया था। इसके परिपालन में अध्यक्ष तालुका विधिक सेवा समिति चांपा श्रीमती नम्रता नोरगे के निर्देशन में 7 अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर न्यायालय परिसर में समस्त कर्मचारी, अधिवक्ताओं एवं उपस्थित पक्षकारों का निः शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया। इस अवसर में तालुका अध्यक्ष श्रीमती नम्रता नोरगे द्वारा प्रत्येक नागरिकगण को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने व स्वास्थ्य का नियमित रूप जांच कराने का सलाह भी दिया गया।



शिविर में उपस्थित न्यायाधीश एवं उपचार कराते लोग।

## ऋषभ विद्योदय महाविद्यालय के 17 विद्यार्थियों ने टॉप-10 में बनाया स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अकलतरा

**खास बात**

- शहीद नंद कुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ़ ने जारी किया मेरिट सूची

शहीद नंद कुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ़ द्वारा सत्र 2024-25 की मेरिट सूची प्रकाशित की गई। इस सूची में श्री ऋषभ विद्योदय महाविद्यालय, बनाहिल के 17 छात्र-छात्राओं ने विश्वविद्यालय की टॉप-10 सूची में स्थान बनाकर महाविद्यालय, अपने माता-पिता एवं गुरुजनों का नाम रोशन किया। बी.एस.सी. तृतीय वर्ष में समरिन ने प्रथम स्थान एवं ईशा शांडिल्य ने आठवां स्थान प्राप्त किया। एम.ए. अंतिम वर्ष में कमलेश कुमार कश्यप (लोक प्रशासन)प्रथम स्थान प्राप्त किया व कु दीप्ति राठौर (हिंदी)सातवां स्थान प्राप्त किया। बी.लिब. पाठ्यक्रम में दुर्गेश्वरी (दूसरा), प्रियंका कैवर्त (पांचवां), मेघा भट्ट (छठवां), राहुल गुप्ता व संजना (सातवां) तथा कविता (दसवां स्थान) पर रहीं। डीसीए में कुमारी शालू (प्रथम), साक्षी (तृतीय), अंकिता (चतुर्थ), निशु (छठवां) और मुस्कान (सातवां स्थान) प्राप्त किया। वहीं पीजीडीसीए में रिया राजपूत (तीसरा) और पुष्पांजलि (दसवां स्थान) पर रहीं। विद्यार्थियों के इस उपलब्धि से पूरे महाविद्यालय में उत्साह का माहौल है। संचालक डॉ जेके जैन, प्राचार्या शिखा सिंह और सचिव अंकित जैन सहित समस्त स्टाफ ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कॉलेज में छात्रों का सम्मान समारोह भी आयोजित किया गया।



भाजपा स्थापना दिवस पर मंडल जांजगीर-नैला में गांव चलो बस्ती चलो अभियान का शुभारंभ

## भाजपा शासनकाल में भ्रष्टाचार की कोई जगह नहीं : अंबेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

भाजपा के स्थापना दिवस के अवसर पर गांव चलो बस्ती चलो अभियान का शुभारंभ भाजपा मंडल जांजगीर-नैला के गौरव ग्राम सिवनी में किया गया। वहां जन चौपाल लगाकर ग्रामवासियों एवं हितग्राहियों से संवाद किया और वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री नंदिनी राजवाड़े,जांजगीर नैला नगर पालिका अध्यक्ष रेखा गढ़ेवाल,नगर पालिका उपाध्यक्ष मोहन यादव, मंडल अध्यक्ष हितेश यादव, महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष संजीता माली, प्रतिमा डेहरे, मंडल महामंत्री रामेश्वर पटेल, साकेत तिवारी, वरिष्ठ भाजपा नेता सनत पांडेय, कृष्ण कुमार राठौर उपस्थित थे। इस अवसर में जन चौपाल में जनता से संवाद करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष अंबेश जांगड़े ने कहा कि आज जनता का विश्वास भाजपा सरकार पर बढ़ा है। इसकी वजह डबल इंजन सरकार के द्वारा किए जा रहे जन कल्याणकारी कार्य तथा सरकार की योजनाओं का लाभ सीधे जनता को मिल रहा है। उनके पैसे सीधे जनता के खाते में जा रहे है। भ्रष्टाचार की इस सरकार में कोई जगह नहीं है। महतारी वंदन का लाभ बड़ी संख्या में महिलाओं को मिल रहा है। किसानों को उनकी उपज का पूरा मूल्य एकमुश्त उनको मिल रहा है। भाजपा जिला महामंत्री नंदिनी राजवाड़े ने कहा कि पूरे विश्व में आज हमारे देश का परचम लहरा रहा है इसकी वजह एक सशक्त नेतृत्व नरेंद्र मोदी के हाथों में देश की बागडोर है। उनको यह प्रेरणा जनता की वजह से मिलता है। भाजपा मंडल अध्यक्ष हितेश यादव ने कहा कि भाजपा द्वारा गांव चलो बस्ती चलो अभियान पूरे देश में 7 अप्रैल से 12 अप्रैल तक चलाया जाएगा। इस अभियान में भाजपा के सभी जनप्रतिनिधि जन चौपाल लगाकर जनता से रूबरू होकर उनको केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी देंगे। कार्यक्रम के अंत में विभिन्न लाभार्थियों एवं वरिष्ठ भाजपा नेताओं को सम्मानित किया गया। अंत में आभार प्रदर्शन सनत पांडेय एवं संचालन कृष्णकुमार राठौर द्वारा किया गया। इस अवसर पर रूप नारायण जनपद सदस्य, सुनील भवानी, कार्तिकेश्वर पांडेय, संदीप शर्मा, नीरज यादव, सुकेश शर्मा, योगेश राठौर, जितेंद्र बरेठ, अंगेश्वर राठौर, चंद्रकांता राठौर, संतोषी साहू, उर्मिला निर्मलकर अंजनी राठौर सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।



कार्यक्रम मेंउपस्थित भाजपा जिलाध्यक्ष, पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण।

